हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

## हुडकेश्वर में दिनदहाड़े 4.12 लाख की चोरी

**नागपुर.** हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। दिनांक 15 अप्रैल 2025 की सुबह 7 बजे से लेकर 16 अप्रैल की रात 12:10 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने न्यू म्हालगी नगर, बेसा पॉवर हाउस के पीछे स्थित प्लॉट नंबर 543 पर स्थित एक बंद घर में सेंध लगाई। फरियादी सोहेल खान सलाम खान (उम्र 24 वर्ष) अपने पूरे परिवार के साथ ससुराल शांतीनगर गए हुए थे। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने उनके घर की छत से चढ़कर पहली मंज़िल की बेडरूम का ताला तोड़ा और घर के भीतर प्रवेश किया। चोर ने लोहे की अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 90,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के गहने चुरा लिए। चोरी गए कुल माल की कीमत करीब 4,12,000 रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में हुडकेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक नकाते ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# 26,000 घरों को मिल रही मुफ्त बिजली, अतिरिक्त ऊर्जा से हो रही आय

**नागपुर.**

प्रधानमंत्री सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के तहत नागपुर जिले ने 26,000 घरों और 105 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का मील का पत्थर पार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रति माह तीन सौ यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली प्रदान करने और अतिरिक्त बिजली को बेचकर आय के लिए इस योजना की शुरुआत की गई है।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के कार्यान्वयन पर जोर दिया है, जिसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं को मिलेगा। छत पर सौर ऊर्जा परियोजना से घर की आवश्यकता से अधिक बिजली उत्पन्न होती है, इसलिए बिजली का बिल शून्य होता है। अतिरिक्त बिजली को महावितरण को बेचकर आय अर्जित की जाती है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर के लिए केंद्र सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना की क्षमता के आधार पर एक किलोवाट के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट के लिए 60,000 रुपये तथा तीन किलोवाट की परियोजना के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान करती है। साथ ही महावितरण ने ग्राहकों को नेट मीटर निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने घरेलू उपभोक्ताओं की मदद के लिए पिछले साल 13 फरवरी को इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत 16 अप्रैल 2025 तक नागपुर जिले में कुल 26,588 सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की गईं। इसकी क्षमता 105.45 मेगावाट है। जबकि 16 अप्रैल को एक ही दिन में जिले में 212 घरों में सोलर पैनल स्थापित की गईं।

वैसे अब तक प्रदेश में 1 लाख 79 हजार 753 घरों पर सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिनसे 651.42 मेगावाट क्षमता का उत्पादन हो रहा है। नागपुर जिला सबसे अधिक 26,588 घरों में सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं स्थापित करके इसमें अग्रणी है। राज्य में कुल सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं में से नागपुर जिले में सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं की हिस्सेदारी 14.79 प्रतिशत है और इनसे उत्पन्न सौर उत्पादन क्षमता 16.42 प्रतिशत है।

## नागपुर-जबलपुर हाईवे पर भीषण हादसा दो युवकों की मौत, तीन गंभीर घायल

**नागपुर.**

नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। आडापुल स्थित साई मंदिर के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों की पहचान आर्यन उर्फ आयुष अमित कस्तुरे (उम्र 19 वर्ष, निवासी हमालपुरा, कामठी) और जावेद पठान बशीर पठान (उम्र 19 वर्ष, निवासी मच्छी मार्केट, कन्हान, तहसील पारशिवनी) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय जावेद पठान, अरबाज शहा (24) और जुबेर खान (22), तीनों एक ही मोटरसाइकिल क्रमांक (एम एच 40 बीए 1381)पर सवार होकर कामठी से कन्हान की ओर जा रहे थे। दूसरी दिशा से आर्यन और उसका मित्र प्रेम मंगल मेश्राम (20, निवासी नया बाजार, कामठी) दूसरी मोटरसाइकिल क्रमांक (एम एच 40 सीके 5561) पर आ रहे थे। आडापुल साई मंदिर के पास हाइवे पर बने ब्रेकर पर दोनों मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर हुई, जिससे पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों की मदद से सभी को तुरंत कामठी उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। बाकी चार घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सुबह लगभग 6 बजे जावेद पठान की भी मौत हो गई।




तीन अन्य युवकों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जिस जगह हादसा हुआ, वहां महामेट्रो का काम जारी है और हाइवे पर ब्रेकर लगाया गया है, जो दुर्घटना का कारण बना। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कुख्यात गुंडे सेंटी पर लगा एमपीडीए, गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**नागपुर.**

शहर पुलिस आयुक्त ने 15 अप्रैल 2025 को जारी आदेश के तहत शहर के वाडी थाना क्षेत्र में कई गंभीर आपराधिक वारदातों में लिप्त कुख्यात गुंडे स्वयंमवर उर्फ सेंटी मुकुंदराव मानेवराव (32 वर्ष) निवासी चावला कॉम्प्लेक्स के पीछे, चतुर्भुज लेआउट, कंट्रोल वाडी पर एमपीडीए के तहत कार्रवाई की गए हैं। यह कार्रवाई नागपुर पुलिस द्वारा शांति व सुव्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। आरोपी को 15 अप्रैल को आदेश की तामिल के बाद नागपुर के मध्यवर्ती कारागृह में दाखिल किया गया है। जानकारी के अनुसार 'सेंटी' के खिलाफ खंडणी वसूलने के लिए धमकी देना, महिलाओं पर हमला कर छेड़छाड़ करना, गालीगलौच, आगजनी, घातक हथियारों से हमला, जान से मारने की धमकी, चोरी तथा प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन जैसे गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वाडी पुलिस ने उसके खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव क्राइम ब्रांच को भेजा था। प्रस्ताव स्वीकारते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपी को पुणे के येरवडा जेल भेजने का आदेश पारित किया। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर नागपुर के मध्यवर्ती कारागृह में रखा गया है।

# कार के कांच फोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

> सोने की अंगूठी और वाहन बरामद
> गंगा जमुना परिसर में हुई थी चोरी

**नागपुर.**

शहर की चर्चित गंगा जमुना वस्ती में एक बार फिर चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देर रात घूमने आए दो युवकों की कार को निशाना बनाते हुए एक अज्ञात चोर ने कांच फोड़ कर नगदी और सोने की हीरे अंगूठी पर हाथ साफ कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। बरामद माल के साथ आरोपी को अब आगे की जांच के लिए लकड़गंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी स्वराज समीर मुखर्जी (25) अंबाजरी परिसर में रहते हैं। 10 अप्रैल की रात करीब 2 बजे स्वराज अपने एक दोस्त के साथ घूमने के लिए अपनी कार क्रमांक एम एच 05 एफबी 8688) से टेलीफोन एक्सचेंज चौक स्थित अपने मित्र की दुकान में उनसे मिलने आए थे। यहाँ से वे लकड़गंज की बदनाम वस्ती गंगा जमुना गए थे। इस दौरान दोनों दोस्तों ने अपनी गाड़ी बालाजी मंदिर के पास खड़ी की और पास के एटीएम में पैसे निकालने के लिए गए। इसी बीच अज्ञात चोर ने उनकी गाड़ी का कांच फोड़ कर उसमें से 5000 नगदी और एक सोने की हीरे जडित अंगूठी सहित करीब 75486 रुपयों के माल को चोरी कर लिया।

इस मामले की शिकायत उन्होंने लकड़गंज पुलिस से की थी। जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम को गोपनीय जानकारी मिली कि इस वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर दुपहिया गाड़ी से गंगाबाई घाट के पास घूम रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने आरोपी हिमांशु नामदेव चिंचूरकर (25) ओम नगर, भारतवाड़ा कलमना निवासी को गिरफ्तार किया । जांच में पता चला कि इससे पहले हिमांशु को तडीपार भी किया जा चुका है और वह शहर की बदनाम गंगा बस्ती में आए ग्राहकों की बाहर खडे वाहनों को निशाना बनाकर उसमें रखे कीमती सामान को चोरी करता था। उसके खिलाफ इससे पहले भी इस तरह के आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास से पुलिस ने इस अपराध में इस्तेमाल की गई दुपहिया गाड़ी सोने की हीरे जडित अंगूठी और नगदी सहित करीब 1,60,400 रुपये का माल बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए लकड़गंज पुलिस के हवाले किया गया है।




यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त राहुल माकणीकर तथा सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में, पुलिस निरीक्षक ताकसांडे और उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया.

## कोराडी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

सवा दो लाख का माल ले उड़े चोर

**नागपुर.**

कोराडी थाना क्षेत्र के स्मृति नगर स्थित एक मकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाते हुए नकदी और आभूषणों समेत करीब 2.90 लाख रुपये का माल चुरा लिया। यह वारदात तब हुई जब घर के मालिक परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित नशिम मुन्ना सिद्दीकी (उम्र 35 वर्ष) दिनांक 6 अप्रैल की सुबह 8:30 बजे से 15 अप्रैल की रात 12:25 बजे के बीच अपने घर को ताला लगाकर गए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बेडरूम में रखे दीवान से ₹1,60,000 नकद और सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। फरियादी की शिकायत के आधार पर कोराडी पुलिस थाने में सहायक पुलिस निरीक्षक शेडकर द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## शिक्षक भर्ती घोटाला

> गिरफ्तार पांचों आरोपियों को भेजा गया जेल

**नागपुर.**

बोगस दस्तावेजों के आधार पर एक व्यक्ति को शिक्षक और बाद में मुख्याध्यापक नियुक्त कर शालार्थ आईडी देने के मामले में सदर पुलिस ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के विभागीय उपसंचालक कार्यालय में छापा मारा. कई घंटों तक कार्यालय में जांच की गई. इस बीच पुलिस ने प्रकरण में गिरफ्तार किए गए उपसंचालक उल्हास नरड़, विवादित मुख्याध्पाक पराग नाना पुड़के, माध्यमिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधीक्षक नीलेश शंकरराव मेश्राम, शिक्षा उपसंचालक कार्यालय के शिक्षा उपनिरीक्षक संजय शंकरराव दुधालकर और लिपिक सूरज पुंजाराम नाईक को बुधवार दोपहर दोबारा न्यायालय में पेश किया. पुलिस ने जांच के लिए और समय मांगा. आरोपियों की पुलिस कस्टडी बढ़ाने की मांग की. बचाव पक्ष ने न्यायालय को बताया कि आरोपियों से पूछताछ पहले ही हो चुकी है. सभी जांच में सहयोग कर रहे हैं. ऐसे में उन्हें पुलिस हिरासत में रखने की जरूरत नहीं है. सरकार पक्ष ने बताया कि प्रकरण से संबंधित दस्तावेज जब्त करने बाकी है. इसके लिए आरोपियों की कस्टडी रिमांड आवश्यक है. न्यायालय ने दोनों पक्षों की जिरह के बाद सभी पांच आरोपियों को जेल रवाना कर दिया है।

सदर पुलिस ने धंतोली स्थित शिक्षण उपसंचालक कार्यालय में भी छापा मारा है. करीब 4 घंटे तक यहां दस्तावेजों की छानबीन की गई. पुलिस ने प्रकरण से जुड़े कुछ दस्तावेज जब्त भी किए हैं. पुलिस का मानना है कि अवैध तरीके से मुख्याध्यापक बनाया गया पुड़के अकेला व्यक्ति नहीं है. इसी तरह और भी शिक्षकों को शालार्थ आईडी जारी की गई थी. अन्य अधिकारियों से भी पूछताछ जारी है. इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं.

## हिंगणा रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने ली युवक की जान

**नागपुर.** हिंगणा रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना 14 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे एमआईडीसी थाना क्षेत्र के वासुदेव नगर, मेट्रो स्टेशन के पास घटी। मृतक महेश सुभाष गावंडे कन्याडोह, पोस्ट पिपला, तहसील कळमेश्वर निवासी टाटा सुपर एस क्रमांक (एम एच-02-सीई-7890) वाहन के पीछे बैठकर नागपुर से हिंगणा रोड की ओर जा रहा था। इस दौरान वाहन चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क के डिवाइडर से टकरा दी। इस हादसे में महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत शालिनी ताई मेघे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रोहित सुभाष गावंडे वासुदेव नगर, मेट्रो स्टेशन के पास, हिंगणा रोड, निवासी की शिकायत पर एमआईडीसी पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


## पत्नी को वापस ले जाने आये युवक की साले ने की हत्या, आरोपी अरेस्ट

**नागपुर.**

शहर में हत्या की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार की रात यशोधरानगर थाना क्षेत्र में एक और हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसमें एक युवक ने अपने ही जीजा की गट्टू से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कलमना स्थित गोकुल नगर शनि मंदिर के पास रहने वाले 35 वर्षीय ताराचंद शिवचरण प्रजापति के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसके साले राहुल दिलीप इंगले (24) को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राहुल मृतक ताराचंद का साला है। ताराचंद का विवाह 10 वर्ष पूर्व ज्योति ताराचंद प्रजापति (28) के साथ धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार हुआ था. एक से डेढ़ महीना पहले ज्योति अपना घर छोड़कर मायके रहने चली गई थी।

ताराचंद को शक था कि उसकी पत्नी के जाने के पीछे राहुल का हाथ है। बुधवार रात मेहंदीबाग पुलिया के नीचे ताराचंद अपने साले राहुल और यश ओगले के साथ शराब पीने बैठा था। तभी नशे में राहुल और ताराचंद के बीच पुराना विवाद फिर उभर आया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया।




इसी दौरान गुस्से में आकर राहुल ने सड़क किनारे पड़े सीमेंट के गट्टू से ताराचंद के सिर पर वार कर दिया। सिर पर लगातार कई वार होने से ताराचंद वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद यशोधरानगर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। घायल ताराचंद को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिवचरण जमनालाल प्रजापति (58) की शिकायत पर हत्या के तहत मामला दर्ज कर आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

## पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

> 16 पुलिस निरीक्षकों का आंतरिक तबादला

**नागपुर.**

शहर पुलिस विभाग में बुधवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल ने आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 16 पुलिस निरीक्षकों के तबादले के आदेश जारी किये। इस फेरबदल में कोराडी, पारडी और मानकापुर जैसे महत्वपूर्ण थानों के प्रभारी अधिकारियों को बदला गया है। कोराडी थाने के थानेदार प्रवीण पांडे को सोनेगांव ट्रैफिक विभाग में स्थानांतरित किया गया है, वहीं पारडी के रणजीत सिरसाठ को सदर ट्रैफिक में भेजा गया है।

मानकापुर के बबन येडगे को कंट्रोल रूम में नियुक्त किया गया है। विशेष शाखा के पोपट धायतोंडे को कोराडी, ट्रैफिक सदर की नंदा मनगटे को पारडी और पांचपावली के दुय्यम हरीष कालसेकर को मानकापुर का थानेदार बनाया गया है।

इसके अलावा आर्थिक शाखा के विनोद गोडबोले को सीताबर्डी दुय्यम, प्रशांत पांडे को अंबाझरी दुय्यम, गोकुल महाजन को जरीपटका दुय्यम और ओमप्रकाश सोनटक्के को क्राइम ब्रांच के एसएसबी में तैनात किया गया है।

सोनेगांव के दुय्यम पंकज बोंडसे को प्रतापनगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसील थानेदार के पद से हाल ही में हटाए गए संजय सिंह को सदर में दुय्यम निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, सुहास घोडके (सोनेगांव ट्रैफिक) और कविता इसारकर (एसएसबी) का तबादला कंट्रोल रूम में किया गया है। क्राइम ब्रांच यूनिट दो में विशेष शाखा के महेश सांगले को नियुक्त किया गया है, जबकि एसीपी क्राइम ब्रांच की रिडर छाया येलकेवाड को आर्थिक शाखा में भेजा गया है। इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे शहर की कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।

## नगर निगम के स्कूल सीसीटीवी निगरानी में आएंगे

सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान

**नागपुर.**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार नागपुर महानगरपालिका के स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम बजट में 2 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है । राज्य सरकार ने छात्र सुरक्षा के दृष्टिकोण से राज्य के सभी स्कूलों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक स्कूल में सीसीटीवी कैमरे की अनिवार्य स्थापना के अनुरूप, नगर आयुक्त और प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी ने नागपुर नगर निगम के सभी स्कूलों को सीसीटीवी कैमरा निगरानी के तहत लाने के लिए उत्सुक है। नगर पालिका का कुल योग नगर निगम के बजट में 116 स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें नगर निगम के 88 प्राथमिक विद्यालय और 28 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं । इसमें छात्र शामिल हैं स्कूल सम्पत्तियों की सुरक्षा मजबूत की जाएगी।



नगर निगम स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर लड़कियों की सुरक्षा के लिए पिछले सत्र से नगर निगम स्कूलों में सीसीटीवी लगाए गए हैं। कैमरे लगाने का काम शुरू हो गया है। नगर निगम 28 में से 25 माध्यमिक विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे वे कैमरे की निगरानी में आ गये हैं। शेष कार्य जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

इन सीसीटीवी कैमरों का नियंत्रण संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षा अधिकारी के पास रहेगा। इसके अलावा, सभी नगर निगम स्कूलों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से की जाएगी। नगर निगम विद्यालयों के सुरक्षा उपायों की जानकारी नियमित रूप से केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त की जाएगी। नगर निगम शिक्षा अधिकारी साधना सैयाम ने बताया कि इससे स्कूलों में किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार को रोका जा सकेगा।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हादसे की आशंका

**नागपुर.** कामठी के रनाला परिसर स्थित शहीद नगर इलाके में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय नागरिकों को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव दिखाई दिया। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान ईश्वर कोतुलवार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नागपुर के इंदोरा परिसर के बाबा बुधाजी नगर का निवासी था। ईश्वर रायपुर की एक निजी कंपनी में कार्यरत था और वहीं अपने परिवार के साथ रहता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईश्वर कुछ दिनों की छुट्टी लेकर मंगलवार को नागपुर अपने घर आया था। बुधवार की रात वह शिवनाथ एक्सप्रेस से रायपुर लौट रहा था, लेकिन गुरुवार सुबह उसका शव कामठी के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े होने के दौरान संतुलन बिगड़ने से ईश्वर नीचे गिरा होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि हादसे के पीछे की असली वजह का पता चल सके। परिवार और दोस्तों में युवक की असमय मौत से शोक का माहौल है।

## तड़ीपार आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार, लकडगंज पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने लकडगंज थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान एक तड़ीपार आरोपी को घातक शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 16 अप्रैल 2025 को दोपहर 4:00 से 5:30 बजे के बीच क्राइम ब्रांच की टीम लकडगंज थाना क्षेत्र में गश्त पर थी, उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि इतवारी रेलवे स्टेशन के दक्षिण भाग में, शितला माता मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक घातक शस्त्र के साथ बैठा है।

इसी सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। पकड़े गए युवक ने अपना नाम फैजान अनवर शेख (24 वर्ष) निकालस मंदिर के पास, गंगा जमुना, लकडगंज निवासी बताया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से एक धारदार लोहे का चाकू मिला। फैजान को हिरासत में लेकर लकडगंज थाने लाया गया और जब उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की गई, तो यह सामने आया कि पुलिस उप आयुक्त परिमंडल क्र. ३ द्वारा को उसे नागपुर शहर व ग्रामीण सीमा से 6 महीने के लिये तड़ीपार किया गया था।

फैजान ने बिना अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर न केवल मनाई आदेश का उल्लंघन किया, बल्कि घातक शस्त्र के साथ किसी अपराध की योजना भी बना रहा था। उसके खिलाफ लकडगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

CMYK

# काटोल में सरपंच पदों के लिए आरक्षण का ऐलान

> 22 अप्रैल को होगी घोषणा

काटोल.

वर्ष 2025 से 2030 के बीच होने वाले काटोल तालुका के कुल 82 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए आरक्षण 22 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11:30 बजे तहसीलदार कार्यालय, काटोल के प्रशासनिक भवन, भूतल पर आरक्षण निकाला जाएगा,ऐसी जानकारी काटोल के तहसीलदार राजू रणवीर द्वारा दी गयी है। मुंबई ग्राम पंचायत (सरपंच और उपसरपंच) चुनाव नियम 1964 ने सरपंच पद के लिए आरक्षण के प्रावधानों में संशोधन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, मुंबई द्वारा जारी महाराष्ट्र सरकार






राजपत्र असाधारण भाग चार बी, 5 मार्च 2025 द्वारा नागपुर जिले के काटोल तालुका के श्रेणीवार ग्राम पंचायत में सरपंचों के पदों को 2025 से 2030 तक होने वाले ग्राम पंचायत के आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है और उनका तालुकावार वितरण तय किया गया है।

इसलिये सभी जनप्रतिनिधियों, विद्यमान तथा भूतपूर्व सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, पूर्व जिला परिषद सदस्य, पं.स. सदस्य काटोल तहसील के प्रशासनिक भवन 22 अप्रैल को सुबह 11-30 तहसीलदार कार्यालय में उपस्थित रहने की अपील काटोल के तहसीलदार राजू रणवीर द्वारा की गई है.

**अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और महिलाओं को मिलेगा लाभ**

नागपुर के जिला कलेक्टर के 15 अप्रैल 2025 के पत्र के अनुसार काटोल तालुका में सरपंच के पद आरक्षित किए जाने है। काटोल तालुका की 82 ग्राम पंचायतों में से कुछ अनुसूचित जाति, जनजाती,ओ बी सी वर्ग के नागरिकों और महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। शेष सरपंच पद खुले प्रवर्ग तथा खुली श्रेणियां महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

# स्नातक की उपाधि प्राप्त कर परिवार का मान बढ़ाया।



सावनेर.

जगन जांभूलकर की नवासी,आम्रपाली राजेश जांभूलकर को 15 अप्रैल 2025 को वसंतराव नाईक सरकारी मेडिकल कॉलेज, यवतमाल द्वारा 2019 के स्नातक समारोह में एम.बी.बी.एस की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर कुलगुरु (डीन) डॉ. श्री गिरीश जाटकर ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। यह सफलता एक साधारण परिवार की पहली डॉक्टर बनने का गौरव है, और डॉ. आम्रपाली की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने अपने माता-पिता और गुरुजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मार्गदर्शन और समर्थन हमेशा मिला, जिससे यह मुकाम हासिल किया।

डॉ. आम्रपाली के पिता राजेश जांभूलकर नगर परिषद सावनेर में सेवारत हैं और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद, उन्होंने अपनी मेहनत और संघर्ष से यह उपलब्धि प्राप्त की है। इस सफलता ने न केवल परिवार को गर्वित किया है, बल्कि समाज में प्रेरणा का स्त्रोत भी बन चुकी है।

# बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन

> हजारों ने लिया भोजन का लाभ

वाडी.

भारत रत्न महामानव परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा वाडी मंडल व शहर अनुसूचित जाति मोर्चा तथा विधायक समीर मेघे की विशेष मौजूदगी में वाडी के खडगांव रोड स्थित शिवाजी स्मारक के पास विशाल भोजनदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे से रात 8:00 बजे तक चला, जिसमें वाडी नगरवासियों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को वंदन कर की गई।

इस उपलक्ष्य पर हजारों लोगों ने भोजन का लाभ लिया और बाबासाहेब के विचारों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा वाडी मंडल अध्यक्ष योगेश शेंडे के नेतृत्व में हुआ।





प्रमुख अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी के नागपुर जिलाध्यक्ष सुधाकर कोहळे, लोकप्रिय विधायक समीर मेघे, वाडी मंडल अध्यक्ष आनंद कदम, वाडी शहर अध्यक्ष कैलास मंथनपुरवार सहित कई गणमान्य नेता, अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।वाडी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक राजेश तटकरे, नगर परिषद की मुख्याधिकारी ऋचा घाबडे, वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम रागीट, सुजित नितनवरे, गजानन रामेकर, प्रमोद गमे, दिनेश कोचे, नरेश चरडे, राकेश मिश्रा, मनोज रागीट, ईशांत राऊत, गणेश राठोड़, पुरुषोत्तम लिचडे, राकेश चीलोरे, कमल कनोजे,चंद्रशेखर देशभरात समेत अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में टेकडी वाडी परिसर एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़े मित्रपरिवार जितेंद्र राहागडाले, विशाल बोरकर, प्रदीप डोंगरे, विशाल बनसोड, सुशील चोखादरे, मनोज बारसागडे, प्रफुल तिरपुडे, मुकेश शर्मा, सुधीर मेश्राम, विजय चौकांद्रे, सुरज भाऊ ढोरे, शुभम पापडकर, रजनीकांत नितनवरे, विनय पाटील सहित कई कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत की।

इस अवसर पर सभी ने मिलकर बाबासाहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आयोजन में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने सहभागिता दिखाई और भोजन का लाभ लेकर आयोजन की सराहना की।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर तालुका स्वास्थ्य कार्यालय की नई इमारत का उद्घाटन

कामठी.

पिछले दिनों में "विश्व स्वास्थ्य दिवस" के अवसर पर तालुका स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय,कामठी की नई इमारत का उद्घाटन तहसीलदार गणेश जगदाळे और गटविकास अधिकारी बाळासाहेब यावले ने फीता काटकर कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया

इस नए सरकारी इमारत से तालुका की स्वास्थ्य सेवाओं को और बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को सुविधाएं अधिक आसानी से उपलब्ध होंगी, ऐसी अपेक्षा व्यक्त की गई। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में उपजिल्हा रुग्णालय, कामठी की चिकित्सा अधीक्षक डॉ.नयना दुपारे, प्रशासनिक अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रशिक्षण पथक नागपुर जिला परिषद नागपुर डॉ.सचिन हेमके, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी, कामठी डॉ. सुरेश मोटे, तालुका पशुधन विकास अधिकारी डॉ. सुशील भगत, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी पारशिवनी डॉ.राम नागपुरकर, एकात्मिक बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रकांत तोडकर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भुगाव की चिकित्सा अधिकारी डॉ.सोनाली बाके, प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र गुमथी, चिकित्सा अधिकारी डॉ.तारिक अंसारी, नागरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कामठी, चिकित्सा अधिकारी डॉ.शबनम खानुनी और समुदाय स्वास्थ्य व्यवस्थापक डॉ. सबा खान, कार्यक्रम व्यवस्थापक,जिला परिषद नागपुर दिपीका गोरडे, समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी समन्वयक डॉ. प्रियंका मेश्राम, अभियंता आई.डी.डब्ल्यू पवनीकर, जिला मौखिक स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ.दानिश, स्वास्थ्य विस्तार अधिकारी मनीष दिघाडे, सहायक लेखा अधिकारी राजेश गेडाम, ढगेजी, हराळे और शिरसकर, आयुर्वेदिक दवाखाना, तरोडी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय भुजाडे और वडोदा डॉ.धारा चव्हाण व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारीगण सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रमों में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर तहसीलदार गणेश जगदाळे और गटविकास अधिकारी बाळासाहेब यावले ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि, "विश्व स्वास्थ्य दिवस स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाने वाला अवसर है। हम सभी को मिलकर समाज को स्वस्थ रखने के लिए अथक प्रयास करना चाहिए।" उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए स्वच्छता, निवारक उपायों और जन जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया

इस अवसर पर तालुका के समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य सहायक और शहरी स्वास्थ्य संवर्धन केंद्र के अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए तालुका स्वास्थ्य सहायक धिरेंद्रकुमार सोमकुंवर, कनिष्ठ सहायक ज्ञानेश्वर साळवे, कुष्ठरोग तकनीशियन मनोहर येळे, लेखापाल कामेश्वर सिलेकर, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक कमलेश गजभिये, कार्यक्रम सहायक सचिन राखडे, तालुका समूह संगठक चंदा माकडे, आशा गटप्रवर्तक रोहिणी देशभ्रतार,विद्या भिंगारे, तृप्ती तुप्पट,रश्मी धस्कर,मालती गाजीमवार, दुर्गा गभणे,वैशाली देशटवार मैडम,मोनाली डेकाटे,नेहा टेकाडे,उषा,जुबेर रजा और अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रयास किए। कार्यक्रम का प्रास्ताविक तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश मोटे एवं ने किया। जबकि संचालन और आभार प्रदर्शन शेखर घाटोळे ने व्यक्त किया। वहीं स्नेह भोज का आनंद लेते हुए इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जमाते इस्लामी हिंद का ईद मिलन सद्भावना समारोह संपन्न

कामठी.

जमात इस्लामी हिंद कामठी द्वारा ईद मिलन सद्भावना समारोह का आयोजन पिछले दिनों मोहम्मद अली जौहर मंच रूई गंज मैदान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर वाजिद अली खान साहब (इस्लामिक स्कॉलर नासिक) ने किया। प्रमुख वक्तागणों में डॉ. युगल रायलू, डॉ. अखिल बेनी प्रसाद यादव, मोईनुल हसन, राष्ट्रपाल मेश्राम, रामूलाल पंडित, डॉ. मनीष ठाकरे (चेयरमैन ग्लोबल इंटरनेशनल फाऊंडेशन नागपुर) ने ईद मिलन सद्भावना समारोह विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा देश विभिन्न धर्मो के मानने वालों का देश है यहां सभी धर्मों के लोग अपने-अपने त्यौहार आपसी भाईचारा अमन और शांति के साथ मनाते आ रहे हैं।

ईद मिलन दिवाली मिलन आदि समारोह का मिलन इसी सिलसिले की एक कड़ी है। ईद मिलन, आज हमारे देश में जो अशांति का वातावरण




निर्माण किया जा रहा है। हम सबको एकत्रित होकर संवैधानिक तरीके से उनका मुकाबला करने के लिए आगे आना होगा और यह कार्य सामाजिक राजनीतिक आदि संस्थाओं द्वारा प्रयास जारी है.विशेष अतिथि के रूप में सभी धर्मों के धर्म गुरुओं में ज्ञानी हरप्रीत सिंह, भदंतनाग दीपंकर महाथविर, योगचंद प्रताप छल्लानी, राजू मदनकर, मौलाना सिराजुद्दीन सभी धर्मगुरु मंच पर उपस्थित थे.मुख्य अतिथिगणों में नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष व रब्बानी क्लब अध्यक्ष अहफाज़ अहमद ठेकेदार, शीतल चौधरी,मीनाक्षी कांबले, डॉ. अभिषेक चिमनकर, परवेज इकबाल सिद्दीकी, गुरदेश सिंह चाना, रविंद्र टांडेकर, विजय पाटिल, कुसुम खोब्रागड़े, सुरैया बानो, आदि अतिथिगण उपस्थित थे।ईद मिलन सद्भावना समारोह में आए हुए सभी प्रमुख वक्तागण विशेष अतिथिगण मुख्य अतिथिगण को शाल, पुस्तक एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम का मंच संचालन प्रोफेसर मोहम्मद असरार और डॉ. मोहम्मद रफीक ए.एस.ने आभार व्यक्त किया। इस ईद मिलन सद्भावना समारोह को सफल बनाने में वकील इदरीस, मजहर इमाम, अनवारूल हक पटेल,गरीबुल्लाह, परवेज अहमद याकूबी, मोहम्मद असलम, आसिफ बंटी, मास्टर वकार अहमद, इरशाद कुरैशी, हाजी अल्ताफ कुरैशी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने कड़ी मेहनत किए।

# एस टी महामंडल सुस्त -छात्र तथा यात्री त्रस्त

> चिल चिलाती धूप में छात्रों तथा यात्रियों को भारी परेशानी

> एस टी महामंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा ज्ञापन

कोंढाली.

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एस टी)के नागपुर विभाग के काटोल डेपो के अंतर्गत कोंढाली बस स्टेशन के नवीनीकरण का निर्माण कार्य धीमी गति से चलते, यहाँ के बस स्टेशन पर बस सेवा तथा यात्रियों का आवागमन बंद किया गया है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले हजारों विद्यार्थियों के साथ-साथ कोंढाली से आने जाने वाले यात्रियों को चिलचिलाती धूप की तपिश से जूझना पड़ रहा है। एसटी निगम प्रशासन ने दिसंबर में कोंढाली स्थित बस स्टेशन के वाहन तळ को सीमेंट से मजबूत करना, पुरुष व महिला शौचालय तथा वेदर शेड की मरम्मत का काम शुरू किया है। वही सर्व्हिस रोड पर यात्रियों को बसों के इंतजार में भीषण गर्मी में खड़े रहना पड़ता है।



दोपहर में जब गर्मी बढ़ती है तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली छात्रों के साथ-साथ छात्र और नागरिकों भी अपने अपने गांव पहुंचने से पहले पसीने से तरबतर हो जाते हैं। यात्रियों का यह भी कहना है कि इस गर्मी से शरीर की ऊर्जा भी कम हो रही है। बस स्टेशन का नवीनीकरण कार्य कब पूरा होगा? यह सवाल अभी भी अनुत्तरित है। वर्तमान में, यहां यात्री जहा भी छाया उपलब्ध होती है, वहाँ आश्रयों में खड़े दिखाई देते हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को होती है। यात्रियों का कहना है कि भीड़-भाड़ वाली परिस्थितियों में यात्रा करने से, जिसमें हीटस्ट्रोक भी शामिल है, यात्रा के दौरान उनके शरीर की ऊर्जा समाप्त हो जाती है। यात्रियों ने कहा है कि संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर ध्यान देकर बस स्टेशन के जारी अद्ययावतीकरण कार्य को जल्द पूरा कराने की जरूरत है।

छात्र/छात्राओं तथा यात्रियों को चिलचिलाती धूप से निजात दिलाने तथा बस स्टेशन के अद्ययावतीकरण कार्य को गति देने की मांग स्वप्निल व्यास, प्रज्वल धोटे, निखिल जायसवाल,रोशन वरठी,द्वारा की गयी है.

# वाड़ी नगर परिषद में राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह मनाया गया

> अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित

वाडी.

वाडी नगर परिषद कार्यालय में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के उपलक्ष्य में अग्निशमन व आपातकालीन सेवा विभाग की ओर से वीर अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वाडी नगर परिषद की मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे ने की। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन सेवा अधिकारी भाग्यश्री टोंगसे ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉकयार्ड में खड़े ब्रिटिश मालवाहक जहाज एस.एस. फोर्ट स्टिकीन में बड़ी मात्रा में रुई, विस्फोटक और युद्ध सामग्री लदी हुई थी। अचानक आग लगने से स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी। आग पर काबू पाने के लिए सैकड़ों अग्निशमन




कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग बुझाने का प्रयास किया। इस दुर्घटना में 66 अग्निशमन जवान शहीद हो गए थे। इन्हीं शहीद जवानों की स्मृति में हर वर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के रूप में मनाया जाता है।वाडी नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे ने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया।इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी भाग्यश्री टोंगसे के मार्गदर्शन में अग्निशमन कर्मचारी लकी सोनकर, वैभव कोलस्कर, इंद्रजीत इरपाती, राहुल वंजारी, आनंद शेंडे, शुभम डांगाले, शंकर पंचबुधे, चालक यंत्र चालक कपिल गायकवाड़, तुषार पातूरकर, तुषार वासनिक, अंकुश कोलस्कर और आदेश मरसकोल्हे ने भी सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस भावपूर्ण कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने अग्निशमन जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

# सावधान : शहर में दहशत फैलाने वालों के खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई

> एक आरोपी को भेजा गया जेल

वाडी.

वाडी थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले बदमाशों पर पुलिस प्रशासन ने अब सख्त रुख अपनाया है। इसी के तहत वाडी पुलिस ने कुख्यात अपराधी स्वयंवर उर्फ सेंटी मनेराव उम्र 32 के खिलाफ महाराष्ट्र प्रतिबंधक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे एक वर्ष के लिए जेल भेज दिया है।



**दहशत फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा**

कार्रवाई को अंजाम प्रतिबंधक पथक प्रभारी पीएसआई अमित बंडगर, डीबी पथक के एपीआई राहुल सावंत, एचसी तुलसी शुक्ला,अजय पाटील,राहुल बुटरे,सोमेश्वर वार्धे,दुर्गादास माकड़े ने दिया।वाडी पीआई राजेश तटकरे और पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अपराध और दहशत फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले समय में ऐसे तत्वों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी स्वयंवर मनेराव पर गंभीर अपराधों का लंबा इतिहास है। वह दारू पीकर, अमली पदार्थों का सेवन कर लोगों को धमकाता था। इतना ही नहीं, वो 10-12 गंभीर मामलो में लिप्त है।4 महीने पहले एक परिवार के घर को आग के हवाले किया था,इसके अलावा अवैध हथियार रखना और इलाके में दहशत का माहौल बनाया करता था। गाली-गलौज, जान से मारने की धमकियाँ और मारपीट जैसे अपराधों में भी उसका नाम सामने आया है।

इन गंभीर मामलों को देखते हुए वाडी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एमपीडीए के अंतर्गत प्रस्ताव आयुक्तालय को भेजा था, जिसे मंजूरी मिलने के बाद उसे 1 साल के लिए जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंगल, डीसीपी लोहित मतानी, एसीपी सतीश गुरव तथा वाडी थाने के निरीक्षक राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में की गई।

# आज से शुरू हुआ संत भोजाजी महाराज पुण्यतिथि महोत्सव

## > श्री शिवानंद शास्त्री महाराज की वाणी से शिवमहापुराण का आयोजन

**हिंगनघाट.**

जगदगुरु संत भोजाजी महाराज श्री क्षेत्र आजनसरा यहां महाराज की पुण्यतिथी पर शुक्रवार आज यानी 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक शिवमहापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। कै.ह.भ.प. देवाजी महाराज इन्होंने शके 1877 ईसवी सन 1955 से आजनसरा वासियो की सहायता से पुण्यतिथी महिष्टवकी सुरुवात की थी।

पुण्यतिथी महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार, भोर सुबह रामाजी बापूराव पर्बत के शुभ हस्तों से विधिपूर्वक कलश स्थापना व वीणा पूजन के साथ हुई।

पूरे सप्ताह चलने वाले पुण्यतिथि महोत्सव में प्रतिदिन भोर 5 से 6 बजे तक काकड़ा आरती का आयोजन होगा। साथ ही, प्रातः 8 से 11 और रात्रि 8 से 11 बजे तक राष्ट्रीय कथावाचक श्री शिवानंद शास्त्री महाराज, चित्रकूटधाम की दिव्य वाणी से शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं की उपस्थिति से माहौल भक्तिमय बन गया है।



रात 8 बजे भव्य दिंडी स्पर्धा की सुरुवात होगी। महाराज के पालखी की भव्य मिरवणूक व दिंडी स्पर्धे में भाग लिए सभी भजनी मंडल की दिंड्या श्रीं के समाधी स्थल से निकलकर ग्राम प्रदक्षिणा करके सुबह 5 ते 6 बजे तक सभी दिंड्या मंदिर परिसर में रुककर सामूहिक काकडा आरती और दही हांडी का आयोजन किया गया। रात को 9 बजे प्राक्षाल पूजा की जाएंगी।

इन सभी कार्यक्रम में भाविक भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आवाहन देवस्थान कमेटी अध्यक्ष डॉ. विजय पर्बत उपाध्यक्ष धनराज मेश्राम, सचिव शिवदासजी पर्बत, राजेंद्र ढवळे, नामदेव गाढवे, रामाजी कोपरकर, रमेश ठाकरे, विनोद आष्टनकर, श्रावण काचोले, शालिनीताई ईखार, महेश कोसूरकर, सभासद संतोष सुपारे, अंकुश ढवले, जेष्ठ नागरिक मार्गदर्शन कमेटीचे रामकृष्ण कोपरकर, संभाजी सुपारे, जनार्धन जौंजल, पंढरी उमाटे, विश्वनाथजी रेवतकर, नत्थूजी हुलके, लक्ष्मण ठाकरे, विजय जगताप, नामदेवराव भोयर व आजनसरावासियोंसे की गई है.

### 19 से 25 अप्रैल तक विविध संतों के प्रवचन, भारुड और महाप्रसाद का आयोजन

शुक्रवार को 12 से 3 तक श्री संत भोजाजी महाराज महिला भजन मंडळ, आजनसरा के भजन का कार्यक्रम, शनिवार 19 को दोपहर 12 ते 3 या इस समय में ह.भ.प. वैष्णवीताई तडस (आळंदीकर) सिरसगाव का कीर्तन, 20 एप्रिल को ह.भ.प. सागर महाराज नांदुरकर इनका भरुड का कार्यक्रम, 21 अप्रैल को ह.भ.प. वाल्मिकराव हुलके महाराज आजनसरा की अमृत वाणी से आध्यत्मिक कीर्तन, 22 अप्रैल को ह.भ.प.मोहन महाराज गंडाईत के कीर्तन, 23 अप्रैल को ह.भ.प.सुमित महाराज अमरावतीकर के भारूड का कार्यक्रम, 24 अप्रैल को ह.भ.प. गजानन महाराज गुजरकर इनके एकादशी पर्वपर कीर्तन का आयोजन, 25 अप्रैल को सु 9 ते 12 इस समय राष्ट्रीय कथाप्रवक्ते शिवानंद शास्त्री महाराज के गोपाल काला का कीर्तन, 1 ते 5 बजे तक भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

# डॉ.बाबासाहब के विचार समाज के लिए अत्यंत जरूरी: राष्ट्रीय कीर्तनकार संघपाल महाराज

**वर्धा.**

नागरी बँक कॉलनी, सिंधी मेघे स्थित लुंबिनी बुद्ध विहार में भव्य भीमोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध राष्ट्रीय कीर्तनकार एवं सप्तखंजिरी वादक संघपाल महाराज पवनुरकर द्वारा समाज प्रबोधन पर आधारित सप्तखंजिरी कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों की प्रतिमाओं का पूजन और दीपप्रज्वलन के साथ हुई। संघपाल महाराज ने अपनी मधुर वाणी और प्रभावशाली शैली में व्यसनमुक्ति, शिक्षा, ग्रामस्वच्छता, परंपरा, अंधश्रद्धा विरोध, और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को आज बाबासाहेब के विचारों की अत्यंत आवश्यकता है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा,"डॉ. बाबासाहेब का आदर्श आखों के सामने रखकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं और अपने लक्ष्य को हासिल करें।"

इस अवसर पर विहार समिति द्वारा विविध सामाजिक उपक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रवंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष प्रमोद खेडकर, डॉ. प्रदीप थुल, प्रभाकर भगत, महिंद्र



डहाके, वरके और महिला-पुरुष सदस्य मंडली के साथ-साथ बड़ी संख्या में नागरिक, उपासक-उपासिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

**महाकाली धामतीर्थ में विधिवत घटविसर्जन**

वर्धा.श्रीक्षेत्र महाकाली धामतीर्थ, महाकाली में हर साल की तरह इस बार भी नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्तिपूर्ण उत्साह के साथ घटस्थापना की। यह धार्मिक अनुष्ठान 12 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया गया।

18 अप्रैल को सुबह 10 बजे सदर घट का विधिपूर्वक विसर्जन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उल्लास है। विसर्जन के बाद दोपहर 1 बजे महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।इस धार्मिक आयोजन में हर साल लगभग 9,000 से 10,000 माई भक्त शामिल होते हैं और नदी में स्नान कर अपने पुण्य को बढ़ाते हैं। जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पं. शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने सभी भक्तों से इस महोत्सव का लाभ लेने का आह्वान किया है।

इस आयोजन की महत्ता से भक्तों में गहरी आस्था और श्रद्धा है, जो इसे एक महापर्व मानते हैं।

# राज्य सरकार को किसान अधिकार अभियान ने सौंपा ज्ञापन

**वर्धा.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा चुनाव में राज्य के किसानों को संपुर्ण कर्जमाफी व.सोयाबीन, कपास को 6 व 10 हजार रूपये प्रतिक्वींटल भाव देगें, ऐसा आश्वासन दिया था. उसी तरह सरकार अपना वचन निभाये, ऐसी मांग किसान अधिकार अभियान ने सरकार से ग्यापन की है.

तथा गाव के पांधण सडके, पांधन सडकों को वी आर नंबर निश्चित करें, ओलित करने के लिए विद्युत कनेक्शन,सोलर पंप के जीआर का विरोध, शक्तिपीठ महामार्ग जमिन अधिग्रहण के तहत उचित भाव, 2018 का भूमि अधिग्रहण अधिनियम खारीज करें फसल विमा योजना में बदल करे, जिलाधिकारी स्तरपर नुकसानग्रस्त को विमा मदद समिति करे,सी 2 +50% नियम से भाव की मांग, हमीभाव का कडक कानुन करे, ओलित के लिए पाईप लाईन का उपयोग करें,ओलित की सुविधा बढाये,बेघर परिवार के नामपर पक्के पट्टे दे, महाराष्ट्र सरकार का विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2024 लागू मत करें,आदी मांग ग्यापन से की गयी है. राज्य सरकार मांगों का सकारात्मक विचार करे, ऐसी बिनती भी कि गयी है. अन्यथा तिव्र सविनय कानुनभंग आंदोलन करने का इशारा भी दिया गया.

इस समय किसान अधिकार अभियान के मुख्य प्रेरक अविनाश काकडे,अध्यक्ष सुदाम पवार ,संघटक गोपाल दुधाने, सचिव प्रफुल कुकडे, उपाध्यक्ष विठ्ठल झाडे,कार्यालय मंत्री प्रविण भोयर,चंद्रकांत ढगे,चंद्रशेखर दुर्गे,विनेश काकडे,अभिजित नाखले, सचिन ढगे ,की मुख्य उपस्थिती थी.

# भारतीय रेलवे का 171वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

## वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ का आयोजन

**हिंगनघाट.**

भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास को 171 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ की ओर से हिंगनघाट रेलवे स्टेशन पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के मान्यवरों ने भारतीय रेलवे की समृद्ध परंपरा को सलाम करते हुए भविष्य में इसके और अधिक विकास की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नागपुर विभाग के विभागीय वाणिज्य निरीक्षक मंगेश तितीरमारे ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में हिंगनघाट रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर बसंतकुमार बल, पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रा. किरण वैद्य, नारायण सेवा मित्र परिवार के महेश अग्रवाल,



आरपीएफ ठाणेदार हरीवंशसिंह, विनोद पोतदार, युनुस भाई और वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ के संयोजक राजेश अ. कोचर सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार रेल लाइन की पूजा करके की गई। रेल लाइन केवल लोहे की पटरी नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे की कार्यक्षमता और लाखों यात्रियों की सुरक्षा का आधार है, यह संदेश इस पूजा के माध्यम से दिया गया। इसके बाद वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ के सदस्यों ने प्रमुख अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और पुस्तक देकर किया।

इस अवसर पर मान्यवरों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए रेलवे सुविधाओं और गाड़ियों के ठहराव संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन बाबुसिंह गहेरवार ने किया, जबकि आभार व्यक्त करने का कार्य डी.के. गुरुनुले ने किया।

इस कार्यक्रम में लिलाधर मडावी, रवी जुमडे, राष्ट्रपाल कांबले, चंद्रशेखर खापरे, अब्दुल कदीर बख्श, वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ के सदस्य और शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नुसरत परवीन मुखत्यार खान उपनगराध्यक्ष पद पर चयनित

**वर्धा.**



नगर पंचायत आष्टी के तहत उपनगराध्यक्ष पद का चुनाव वर्धा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अमर काले के नेतृत्व में निर्वीरोध संपन्न हुई. इस चुनाव में सौ. नुसरत परवीन मुखत्यार खान को उपनगराध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया इस समय नगराध्यक्ष अनिल धोत्रे गट नेता राहुल लाड,झाकीर हुसेन, अब्दुल हाफिज, मनोहर येनुरकर, रवि गंजीवाले,संजय शिरभाते,गौजदार खान,चित्रा उमेश पोहणे,रत्नमाला नंदकिशोर सूरपाम,यास्मिन अंजुम सिराज अहमद,योगेंद्र पोकळे,अर्चना प्रवीण विघ्ने ,शेख रेहान,राहुल देशमुख,मुमताज अहमद ,जितेंद्र शेटे,निलेश गवळी,प्रतीक मानीकपुरे व महाविकास अघाडी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

यह चुनाव नगर पंचायत आष्टी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और सभी ने उम्मीद जताई कि नुसरत परवीन इस पद पर रहते हुए क्षेत्र की सामाजिक और राजनीतिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# गिरड पुलिस ने तस्करी के वाहनों को पकड़ा, 10 गायों को बचाया गया

**गिरड़.**

पुलिस ने गिरड़ कोरा रोड पर अवैध रूप से वध के लिए पशुओं को ले जा रहे एक वाहन को बड़े ही चतुराई से जब्त किया है, तथा 10 गायों को सुरक्षित बचाकर जीवन रक्षक फाउंडेशन में रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे जब गिरड पुलिस स्टेशन ठाणेदार विकास गायकवाड गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि एक अपंजीकृत बोलेरो पिकअप ट्रक में 10 गायों को वध के लिए नंदोरी मार्ग पर कोरा गांव ले जाया जा रहा है। पुलिस ने कोरा टी-प्वाइंट पर कड़ी सुरक्षा के साथ वाहन



को रोक लिया। जब उन्होंने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 10 जीवित गायें पाई गईं। इस दौरान पुलिस ने कोरा निवासी सूर्यकांत महादेव राऊत को गिरफ्तार कर लिया, जबकि हिंगनघाट निवासी आजम कुरैशी पुलिस को देखकर भाग गया। पुलिस ने वाहन सहित 7 लाख 5 हजार रुपए का कीमती सामान जब्त किया है। 10 गायों को हिंगनघाट स्थित जीवनरक्षक फाउंडेशन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और थानेदार विकास गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आगे की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन में थानेदार विकास गायकवाड़, पुलिस उपनिरीक्षक गोमेद पाटिल मनोज पानचोरे, चापोशी मोरे पुलिस ने की।

# धार्मिक भावना आहत करने पर भंडारा में तनाव

## > आंबेडकरी समुदाय ने मुख्यमंत्री को भेजा निवेदन

**भंडारा.**

गोंदिया शहर के गणेशनगर में एक व्यापारी द्वारा अपनी दुकान में पवित्र स्थलों और महापुरुषों की तस्वीरें वाले स्टाइल्स लगाए जाने के बाद धार्मिक भावना को ठेस पहुंची। यह घटना बुधवार (16 अप्रैल) को वायरल हो गई, जिसके बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। इस घटना के विरोध में स्थानीय नागरिकों ने भंडारा पुलिस स्टेशन पहुंचकर व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तुरंत स्थिति पर काबू पाया और जांच शुरू की, जिससे तनाव शांत हुआ।

घटना के बाद व्यापारियों के खिलाफ गुस्सा और पुलिस स्टेशन पर भीड़ गणेशनगर के जिस व्यापारी ने धार्मिक स्थलों की तस्वीरें वाले




स्टाइल्स लगाए थे, उसे एक व्यक्ति ने इसके खिलाफ चेतावनी दी थी, लेकिन व्यापारी ने उसकी बात नहीं मानी। इसके बाद, एक नागरिक ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जैसे ही यह बात शहर में फैली, नागरिकों का गुस्सा फूटा और उन्होंने व्यापारी के दुकान पर जाकर विरोध प्रदर्शन किया।

व्यापारी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की और व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

इस घटना के बाद भंडारा जिले के आंबेडकरी समुदाय के नेताओं ने एकजुट होकर भंडारा जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को निवेदन भेजा। इसमें उन्होंने व्यापारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस ने हालात पर काबू पाया, लेकिन तनाव बना रहा

इस दौरान भंडारा शहर के कुछ नेता और प्रतिष्ठित नागरिक भी मौके पर पहुंचे थे। नागरिकों ने पुलिस स्टेशन में एकत्रित होकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि, पुलिस ने स्थिति पर काबू पा लिया और जांच शुरू कर दी।

# उमरा गांव के नल में मांस के टुकड़े!

## > नागरिकों ने ज़िप मुख्य कार्यकारी अधिकारी से की शिकायत

**समुद्रपुर.**

उमरा गांव के नागरिक उस समय हैरान रह गए जब उन्हें नल के पानी में मास (मांस) के टुकड़े मिले। यह समस्या पिछले दो वर्षों से बनी हुई है, जिससे गांव के नागरिकों में तीव्र असंतोष है। ग्रामीणों ने पहले पंचायत समिति से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई न होने के चलते वे अब जिला परिषद कार्यालय पहुंचे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की।

गांव में वर्तमान में पुरानी जलापूर्ति योजना के तहत कुएं में बोरिंग का पानी मिलाकर आपूर्ति की जा रही है। हालांकि, जल जीवन मिशन योजना के तहत नया कुआं तैयार हो चुका है, लेकिन बिजली आपूर्ति के अभाव में इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। गांव में ग्राम पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने के कारण प्रशासनिक निर्णयों में देरी हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द समस्या का हल नहीं निकाला गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस घटना ने स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, और अब प्रशासन पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

**नागरिकों की मांग :** नल के पानी की गुणवत्ता की तुरंत जांच हो,जल आपूर्ति की व्यवस्था पारदर्शी और सुरक्षित बनाई जाए.जल जीवन मिशन योजना के नए कुएं को जल्द से जल्द शुरू किया जाए.

# भीड़ के बीच सोना चुराने वाली महिला गिरफ्तार

## > पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

**हिंगनघाट.**

बुटीबोरी की एक बुजुर्ग महिला से 4 लाख 25 हजार रुपए नकद और कीमती आभूषण लूटने वाली महिला का पता लगाने में पुलिस को सफलता मिली है और नागपुर की 23 वर्षीय आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शिकायतकर्ता, नागपुर के निकट बुटीबोरी निवासी वच्छला गोपाल बोरधारे (65) फिर्यादी 14 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे हिंगनघाट में एक रिश्तेदार की जन्मदिन कार्यक्रम में जा रहा था।

महिला बुटीबोरी से हिंगनघाट आ रही थी। हिंगनघाट के नंदोरी चौक पर बस से उतरते समय वह कंडक्टर से शेष पैसे लेने के लिए बैग में टिकट ढूंढने लगी। जब उन्हें पता चला कि कोई अज्ञात चोर उनके बैग में रखे दो



छोटे पर्स से 3 तोले की सोने की चेन, 3 तोले का सोने का हार और 5,000 रुपये नकद, कुल 4.25 लाख रुपये का मुद्देमाल कीमत माल चुरा लिया गया है।

शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हिंगनघाट थानेदार देवेन्द्र ठाकुर के मार्गदर्शन में हिंगनघाट पुलिस की क्राइम डिटेक्शन टीम में उपनिरीक्षक भरत वर्मा के नेतृत्व में पोहवा प्रशांत ठोंबरे, यशवंत गोल्हार, विनोद बुरिले, पोना राहुल साठे, राकेश आष्टनकर, विकास अवचट, नरेंद्र आरकेर, विशाल बंगाले, पोशी आशीष नेवारे, मंगेश वाघमारे और महिला पुलिस अधिकारी सुषमा कावले अपनी टीम के साथ इलाके में गश्त कर तलाशी ले रहे थे.

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नांदोरी चौक पर एक महिला छोटे बच्चों के साथ संदिग्ध अवस्था में घूमती पाई गई। महिला पुलिस अधिकारी सुषमा कावले की मदद से महिला आरोपी को हिरासत में लिया गया और पुलिसी दिखाकर उससे पूछताछ की गई। उसे हिरासत में लेते समय उसके हैंडबैग की जांच की गई। इस दौरान उसके हैंडबैग में एक कपड़े का थैला मिला। जब बैग की जांच की गई तो एक थैले में, एक 3 तोला पोत 3 तोले का पोहेरहार और 5 हजार नकद कुल 4 लाख 25 हजार रुपए जब्त किए गए। हिंगनघाट पुलिस इन अपराधों की आगे की जांच कर रही है।

# महाकाली धाम तीर्थ में विधिवत घटविसर्जन



**वर्धा.**

श्रीक्षेत्र महाकाली धामतीर्थ, महाकाली में हर साल की तरह इस बार भी नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्तिपूर्ण उत्साह के साथ घटस्थापना की। यह धार्मिक अनुष्ठान 12 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया गया।

18 अप्रैल को सुबह 10 बजे सदर घट का विधिपूर्वक विसर्जन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उल्लास है। विसर्जन के बाद दोपहर 1 बजे महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।इस धार्मिक आयोजन में हर साल लगभग 9,000 से 10,000 माई भक्त शामिल होते हैं और नदी में स्नान कर अपने पुण्य को बढ़ाते हैं। जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पं. शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने सभी भक्तों से इस महोत्सव का लाभ लेने का आह्वान किया है।

इस आयोजन की महत्ता से भक्तों में गहरी आस्था और श्रद्धा है, जो इसे एक महापर्व मानते हैं।



# सनराइजर्स को हराकर मुंबई ने 4 विकेट से दर्ज की जीत

**नई दिल्ली.**

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले को 4 विकेट से अपने नाम करने के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जिंदा रखा हुआ है। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला था, जिसमें वह 20 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रनों का स्कोर ही बनाने में कामयाब हो सके। वहीं मुंबई इंडियंस की टीम ने इस टारगेट को 18.1 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मुंबई की जीत में विल जैक्स के ऑलराउंड प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की जिसमें उन्होंने 2 विकेट लेने के साथ 36 रनों की शानदार पारी भी खेली।



**विल जैक्स और सूर्या की साझेदारी ने मुंबई के लिए आसान की जीत की राह**

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस की टीम जब 163 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी तो रोहित शर्मा और रेयान रिकेलटन की ओपनिंग जोड़ी ने टीम को तेज शुरुआत देने का काम किया जिसमें दोनों के बीच 32 रनों की साझेदारी हुई। रोहित इस मैच में 16 गेंदों में 26 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे विल जैक्स ने एक छोर संभाला जिसमें रेयान रिकेलटन के साथ मिलकर उन्होंने स्कोर को जल्द ही 69 रनों तक पहुंचा दिया। रेयान को हर्षल पटेल ने 31 के निजी स्कोर पर आउट करते हुए मुंबई इंडियंस को इस मैच दूसरा झटका देने का काम किया।

यहां से विल जैक्स को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला जिसमें दोनों छोर से तेजी से रन बनने का सिलसिला देखने को मिला। जैक्स और सूर्या के बीच तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 29 गेंदों में हुई 52 रनों की साझेदारी ने इस मुकाबले को पूरी तरह से मुंबई इंडियंस की तरफ कर दिया। सूर्या इस मैच में 15 गेंदों में 26 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। वहीं विल जैक्स के बल्ले से भी 26 गेंदों में 36 रनों की पारी देखने को मिली। जैक्स के आउट होने के बाद तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस को जीत दिलाकर वापस लौटे, जिसमें उन्होंने 21 रनों की पारी खेली तो वहीं इसके अलावा हार्दिक पांड्या ने भी 21 रन बनाए। वहीं हैदराबाद के लिए गेंदबाजी में पैट कमिंस ने तीन विकेट हासिल किए।

### मुंबई के गेंदबाजों के आगे खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर सके हैदराबाद के बल्लेबाज

इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उनसे जिस तरह की उम्मीद थी उसमें वह पूरी तरह से विफल रहे। अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी तो की लेकिन इसके बावजूद हैदराबाद बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो सकी। अभिषेक के बल्ले से 28 गेंदों में 40 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं ट्रैविस हेड ने 29 गेंदों में 28 रनों की पारी खेली। वहीं हेनरिक क्लासेन ने 28 गेंदों में 37 रन बनाए। मुंबई इंडियंस टीम के गेंदबाजों के प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उसमें विल जैक्स ने 2 विकेट हासिल किए जबकि इसके अलावा जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या भी 1-1 विकेट लेने में कामयाब रहे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंजीकृत श्रमिकों को किचन कीट बंटवाई



**कामठी.**

महाराष्ट्र शासन के राजस्व मंत्री व पालकमंत्री मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के प्रयासों से पंजीकृत श्रमिकों को किचन सामग्री किट वितरण शिविर आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को कामठी नगर परिषद क्षेत्र के लिए गादा रोड अजनी स्थित विश्वरंजन सभागृह गादा रोड पर अजनी क्षेत्र के 1041 एवं गुरुवार को कामठी शहर के 620 श्रमिक लाभार्थियों ने किचन कीट का लाभ उठाया।

इस मौके पर भाजपा के पंकज वर्मा, विजय कोंडुलवार, राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, चंद्रशेखर तुप्पट, श्रावण केझरकर, गोपाल सिरिया, अनिल पिंगळे, कलमकिशोर उर्फ लालू यादव, प्रमोद वर्णन, राजा देशमुख, आशुतोष अस्वस्थी, कुणाल सोलंकी, रजत यादव, यश कोंडे, रामचंद्र काळबांडे, हर्षल लिंबाचिया , प्रतीक पडोळे, शुभम गुजर, पीयूष शर्मा, शेख अश्फाक, अजित सोनकुशारे, विजय कनोजिया, रोहित तरारे, प्रशांत पाटील, वेदांत वंजारी, सोनू अमृतकर, योगेश गायधने,शानू ग्रावकर, विजय शेंडे, पंकज यादव, कलश डांगे, कुंदा रोकडे, गायत्री यादव, नंदा बारई, पल्लवी डोंगरे, सुषमा शेंडे, संगीता अग्रवाल, प्रीती कुलरकर, प्रतिभा मेश्राम, रेखा झंझाड, वैशाली मानवटकर, प्रेमलता शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

# रनाला में दो हज़ार किचन किट वितरित

### > येवले ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का किया आह्वान

**कामठी.**

ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान कामठी पंचायत समिति के गटविकास अधिकारी (बीडीओ) बालासाहब येवले ने महाराष्ट्र इमारत एवं निर्माण कल्याणकारी मंडल की ओर से विठ्ठल रुक्मिणी सभागृह रनाला में आयोजित किचन किट और सुरक्षा किट वितरण कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए की। महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री और नागपुर जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के अथक प्रयासों से श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराए गए किचन किट और सुरक्षा किट वितरण



कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार गणेश जगदाळे द्वारा दीप प्रज्वलन और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई।

इस अवसर पर कामठी पंचायत समिति के गटविकास अधिकारी बालासाहब येवले, येरखेड़ा नगर पंचायत के प्रशासक अमर हाडा, नवीन कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन माकडे, कामठी पंचायत समिति के पूर्व सभापति उमेश रडके, पूर्व उपसभापति विमल नागोराव साबले, रनाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव नागोराव साबले, येरखेड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला कारेमोरे, पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे, लतेश्वरी काले, घोरपड की सरपंच तारा कडू, राजेंद्र चौरे, पत्रकार सुदाम राकडे, सुषमा सुदाम राखडे, राजेश पिपरेवार, भाजपा भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, राजकिरण बर्वे, सुनील मोहोळ, रनाळा ग्राम पंचायत उपसरपंच अंकिता कोविद तलेकर, ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, सदस्य स्वप्नील फुकटे, सदस्य सुनील चलपे, सदस्य मयूर गणेर, सदस्य इंदु पाटिल, सदस्य सुनिता नंदेश्वर, सदस्य स्मिता भोयर, सदस्य आमिर खान, सदस्य मंगला अशोक ठाकरे, सदस्य अर्चना लोढ़बा ठाकरे, ग्राम विकास अधिकारी अमोल वाघ, ब्रह्मानंद काले, खोजेंद्र माकडे, सविता कुलरकर, प्रवीण आगाशे, रामकृष्ण बोढारे, शीतल चौधरी, सुनिता आगाशे, प्रा. पराग सपाटे आदि गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी अमोल वाघ और आभार प्रदर्शन सपना गावंडे ने किया। कार्यक्रम में 2000 श्रमिकों को सामग्री वितरित की गई।

# फॉरेस्ट अकादमी को आईएसओ प्रमाण पत्र

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर वन प्रशासन, विकास और प्रबंधन अकादमी को गुणवत्ता, टिकाऊ पर्यावरण प्रबंधन और वन संरक्षण की दिशा में अपनी पहल के लिए प्रतिष्ठित 'आईएसओ 9001: 2015' प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाण पत्र अकादमी को पर्यावरण प्रबंधन, वन प्रबंधन, वन्यजीव संरक्षण, वन अग्नि निवारण, पारिस्थितिकी पर्यटन और मानव-पशु संघर्ष निवारण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्राप्त हुआ।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन अकादमी के निदेशक एम. श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि इससे साबित होता है कि अकादमी की संचालन प्रक्रिया, प्रशिक्षण पद्धतियां और प्रबंधन प्रणाली विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप हैं। इसके अतिरिक्त, अकादमी को भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग द्वारा "बहुत अच्छा" (ट्रिपल स्टार) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाण-पत्र सरकारी अधिकारियों के प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जाता है।




वन अकादमी 1961 में 'वानिकी प्रशिक्षण स्कूल' के रूप में शुरू की गई यह संस्था आज 44.5 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसमें 16 प्रशिक्षण कक्ष, 4 सभागार, अधिकारियों के आवास, महिला और पुरुष प्रशिक्षुओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, खेल परिसर, व्यायामशाला और आधुनिक डिजिटल कक्षाएं शामिल हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम व्यावहारिक अनुभव, क्षेत्रीय दौरे और तकनीकी कौशल विकास पर आधारित है, जो भावी वन अधिकारियों को तैयार करता है, जो पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में इस अकादमी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है और यह सतत वानिकी, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण नेतृत्व के क्षेत्रों में ठोस भूमिका निभा रही है।

# चिचघाट में अवैध रेत भंडारण का खुलासा

### मौदा पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

पुलिस स्टेशन मौदा की डीबी टीम को यह जानकारी मिली कि चिचघाट में कन्हान नदी से ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से रेत निकाला गया है और नदी की ओर जाने वाले पांडन रोड पर भंडारण किया गया है, तो उन्होंने मौदा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को सूचित किया।

इस सुझाव पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने डीबी टीम को तुरंत जाकर कार्रवाई करने का आदेश दिया,मौदा डीबी टीम ने तुरंत सुबह, चिचघाट में छापेमारी के दौरान, उन्हें कन्हान नदी के पात्रा की ओर जाने वाली पांडन रोड पर अवैध रूप से भंडारित रेत मिली, इसमे

एक 10 पहिया टाटा ट्रक नं. एमएच-06-एक्यू-4425 कि. 30,00,000/-रु, ट्रक नं. एमएच-06-एक्यू-4425 दल्या में लगभग 5



पीतल की रेत है जिसकी कि. 25,000/-रु., एक 10 पहिया अशोक लेलैंड कंपनी का ट्रक नं. एमएच/40/बीएल/4456 कि. 30,00,000/-रु. इसमे लगभग 15 ब्रास रेत का अवैध रूप से खनन और भंडारण किया गया जिसकी कीमत लगभग 75,000/-रु जेसीबी मशिन क्र. एमएच-40-का-3955 कि. 25,00,000/-रू है. कुल 86,00,000/- मूल्य का ऐसा माल जब्त कर कब्जे में ले लिया गया।

उपरोक्त कार्यवाही. हर्ष पोहर, पुलिस अधीक्षक, नागपुर ग्रामीण, रमेश धूमल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संतोष गायकवाड़, उपविभागीय पुलिस अधिकारी, कन्हान, सरीन दुर्गे वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मौदा के साथ, महेश बोथले पुलिस उपनिरीक्षक, संदीप कडू, रूपेश महादुले, दीपक दारोडे आगे की कारवाई कर रहे है.

# सोमवार को पीआरएसआई मनाएगी राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस

**नागपुर.**

पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ़ इंडिया (पीआरएसआइ) नागपुर चैप्टर हर वर्ष की तरह इस साल भी 21 अप्रैल 2025,सोमवार को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस का आयोजन कर रहा है.इस वर्ष की थीम है - "रेस्पोंसिबल यूज़ ऑफ़ आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस : रोल ऑफ़ पब्लिक रिलेशंस". सोमवार को शाम 06:30 बजे सिविल लाइन्स स्थित रवि भवन के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस - 2025 समारोह की अध्यक्षता पीआरएसआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिम) एस पी सिंह करेंगे.मुख्य अतिथि के रूप में जनसंपर्क विशेषज्ञ डॉ मोइज़ मन्नान हक़ (भूतपूर्व विभागाध्यक्ष,जन संचार,राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय,नागपुर) कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करेंगे,जबकि विशिष्ट अतिथि प्रशांत जोशी (विषय विशेषग्य) होंगे.समारोह में नागपुर महानगरपालिका के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी वसंत पापड़े को 'लाइफ़ टाइम अचीवमेंट सम्मान' से नवाज़ा जायेगा.

पीआरएसआई ,नागपुर चैप्टर के अध्यक्ष यशवंत मोहिते,उपाध्यक्ष अखिलेश हलवे तथा सचिव मनीष सोनी ने संतरा नगरी के जनसंपर्क अधिकारियों/ कर्मियों,बुद्धिजीवियों,छात्रों और मीडिया के मित्रों से इस समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है.कार्यक्रम की सफ़लता के लिए पीआरएसआई ,नागपुर चैप्टर के पदाधिकारी सर्वश्री एम एम देशमुख, अनिल गडेकर,प्रसन श्रीवास्तव,शरद मराठे, अमित बाजपेई, आदि सक्रिय योगदान कर रहे हैं.विशेष जानकारी के लिए मोबाइल फ़ोन नंबर - 9422102425 पर संपर्क किया जा सकता है.

उल्लेखनीय है कि पीआरएसआई ,नागपुर चैप्टर समय-समय पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय स्तर/महत्व के विविध कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन पिछले वर्षों में करता आ रहा है,

गौरतलब है कि पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया जनसंपर्क एवं संचार के क्षेत्र में विभिन्न संगठनों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स की 67 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख संस्था है। इस संस्था के पूरे देश में 25 चैप्टर सक्रियता से कार्यरत हैं।

### वसंत पापड़े को 'लाइफ़ टाइम अचीवमेंट सम्मान'

# श्री कॉन्वेंट एंड हाईस्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह




**नागपुर.**

श्री कॉन्वेंट एंड हाईस्कूल में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन डे बड़े गर्व और उत्साह के साथ एक भावनात्मक संध्याकालीन समारोह में मनाया गया। युवा स्नातक विद्यार्थियों को पारंपरिक कैप और गाउन में सजे हुए देखा गया, और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। साथ ही उनकी प्रतिभा और विशेषताओं को पहचानते हुए उन्हें अनोखे टाइटल्स से नवाजा गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्राथमिक शिक्षा यात्रा की यादों को दर्शाता एक विशेष वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर सभी की आँखें नम हो गईं। समारोह का समापन समूह फोटो और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ हुआ।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 258-5 | 149-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 277-6 | 479-0 |

# भंडारा पुलिस विभाग ने शुरू किया 'आरोग्यम ऐप'






### > राज्य में पहली बार हुआ ऐसा प्रयोग

**भंडारा.**

भंडारा जिला राज्य का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां पुलिस विभाग के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप देने के उद्देश्य से 'आरोग्यम ऐप' की शुरुआत की गई है। इस ऐप का उद्घाटन भंडारा के पुलिस अधीक्षक श्री नूरुल हसन की संकल्पना और लक्ष हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया।सरकार की नई नीति के तहत 40 वर्ष से ऊपर के सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच अनिवार्य की गई है। इसी दिशा में एक अभिनव कदम उठाते हुए भंडारा पुलिस अधीक्षक ने इस ऐप के माध्यम से जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा सुनिश्चित की है।

हेल्थ चेकअप और व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिपोर्ट की सुविधा है.डॉक्टर की सलाह और परामर्श,योगा व फिटनेस मार्गदर्शन,तनाव प्रबंधन समाधान,दवाओं की अनुस्मारक प्रणाली,आपातकालीन सेवाओं से कनेक्टिविटी समय पर रोगों की पहचान और उपचार, दैनंदिन स्वास्थ्य निगरानी, नियमित दवा और सलाह का फॉलोअप, चिकित्सा खर्च में बचत,मानसिक शांति और स्थिरता,फिटनेस और कार्यक्षमता में वृद्धि इस ऐप में करीब 27 प्रकार की जांचें की जा सकती हैं, और वर्षों तक मेडिकल रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन, लक्ष हॉस्पिटल के डॉ. गोपाल व्यास, डॉ. जया व्यास सहित उपविभागीय अधिकारी प्रशांत कुलकर्णी, पुलिस निरीक्षक भुसारी,नितीन चिंचोळकर,गोकुल सूर्यवंशी,भिमा पाटील, पिसाळ व अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। यह अभिनव कदम भंडारा पुलिस की कार्यक्षमता और जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# पंचायत समिति में एआई तकनीक आधारित कार्यशाला

**कोरपना, मनोज गोरे**

मुख्यमंत्री 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को पंचायत समिति कोरपना द्वारा एआई तकनीक पर आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 16 अप्रैल को पंचायत समिति हॉल में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला को अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

इस कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक बीबी ग्राम पंचायत के उपसरपंच प्रो. आशीष डेकर उपस्थित थे और उन्होंने चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने प्रदर्शनों के साथ विस्तृत व्याख्या की कि किस प्रकार एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग प्रशासन, ग्रामीण विकास योजनाओं, साथ ही शैक्षिक और सामाजिक पहलों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए किया जा सकता है।

प्रशिक्षण का संचालन ग्रुप विकास अधिकारी द्वारा किया गया। विजय पेंदाम, समूह शिक्षा अधिकारी सचिन मालवी, पंचायत विस्तार अधिकारी पंढरी गेडाम सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यशाला में डिजिटल उपकरणों की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा स्पष्ट की गई। कार्मिक अधिकारियों को इस बारे में गहन जानकारी दी गई कि समय की बचत और शून्य लंबित मामलों को प्राप्त करने के लिए एआई किस प्रकार उपयोगी है। समूह विकास अधिकारी विजय पेंदाम ने कहा कि यह कार्यशाला निश्चित रूप से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए उपयोगी होगी।